भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं० 18

दिनांक 17.07.2017 को उत्तर दिए जाने के लिए

कर्णाटक में स्वच्छ भारत मिशन का कार्यान्वयन

18. श्री के० सी० राममूर्तिः

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के अंतर्गत कार्यान्वित किए जा रहे संघटकों का ब्यौरा क्या है;

(ख) कर्णाटक में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यान्वयन की क्या स्थिति है;

(ग) अन्य राज्यों की तुलना में कर्णाटक में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यान्वयन की क्या स्थिति है; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान कर्णाटक के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जारी धनराशि का वर्ष–वार और जिला–वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) देश में स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के तहत कार्यान्वित किए जा रहे मुख्य घटक इस प्रकार हैं :-

- व्यैक्तिक पारिवारिक शौचालयों का निर्माण (आईएचएचएल)।
- सामुदायिक स्वच्छ परिसरों का निर्माण (सीएससी)।
- ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) गतिविधियां।
- सूचना, शिक्षण और संप्रेषण (आईईसी) और मानव संसाधन विकास (एचआरडी)।

(ख) और (ग) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की शुरूआत 2 अक्तूबर, 2014 को की गई जिसका उद्देश्य 2 अक्तूबर, 2019 तक स्वच्छ भारत की स्थिति प्राप्त करना है। दिनांक 2.10.2014 को स्वच्छ भारत मिशन (जी) के शुभांरभ पर कर्णाटक में स्वच्छता कवरेज 37.32% था। दिनांक 12.7.2017 को यह लगभग 65% के देश के औसत की तुलना में बढ़कर 66.85% हो गया। दिनांक 2.10.2014 को एसबीएम (जी) की शुरूआत से कुल 21,94,032 वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों का निर्माण किया गया था। इसके अतिरिक्त, मनरेगा के तहत 1,68,938 शौचालयों का निर्माण किया गया। 27530 गांवों में से केवल 7862 (28.56%) गांवों को ओडीएफ घोषित किया गया था। इसके अतिरिक्त, 33 ब्लॉकों और 5 जिलों को भी ओडीएफ घोषित किया गया है।

(घ) एसबीएम (जी) के तहत राज्यों को निधियां जारी की जाती हैं। पिछले 3 वर्षों के दौरान कर्णाटक के लिए एसबीएम (जी) के तहत रिलीज की गई निधियां इस प्रकार हैं :-

क्र.सं.	**वर्ष**	**निधियां जारी करना (करोड़ रुपए में)**
1	2014-15	312.54
2	2015-16	450.77
3	2016-17	419.56